भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1494
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

बीएसएनएल में 4जी सेवाएं

1494. श्री सचिदानन्दम आर:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तमिलनाडु सहित देश में वर्तमान में बीएसएनएल द्वारा प्रदान की जा रही 4जी सेवाओं के नाम क्षेत्रों/स्थानों के बारे में आंकड़े प्रस्तुत/उपलब्ध करा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार बीएसएनएल द्वारा पूरे देश में 4जी सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) आत्मनिर्भर पहल के अनुरूप बीएसएनएल ने स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी संस्थापित करने के उद्देश्य से 1 लाख 4जी साइटों के लिए क्रय आदेश दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर 2023 से शुरू कर दी गई है और इसे तमिलनाडु सहित पूरे भारत में चरणबद्ध रूप से चालू किया जा रहा है।

*****